तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 मनियारी के दो युवा बने पुलिस अधिकारी, दीपावली पर ग्रामीणों ने...



12 त्योहारी सीजन में बिके 73 हजार वाहन, आटोमोबाइल...



## खबर संक्षेप

### बोरगहन (फुण्डा) में देव मड़ई 9 को

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) स्थित अंचल के प्रसिद्ध मंदिर मां भरारीपाट के प्रांगण में 9 नवंबर को देव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच संतराम चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर दोपहर 3 बजे से मंदिर प्रांगण में आदर्श बाल जस झांकी मंडली की प्रस्तुति भी रखी गई है।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारियों की हड़ताल कल

**अंडा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के आह्वान पर 8 नवंबर से सभी जिला बैंक दुर्ग बालोद, बेमेतरा के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। अपने एक सूत्रीय मांग पर्यवेक्षक को स्वतंत्र प्रभार, एक प्रबंधक एक प्रभार को लेकर बैंक बंद करने की घोषणा कर दी गई है। अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने बताया कि 8 नवंबर को तीनों जिलों दुर्ग, बालोद व बेमेतरा में काम बंद रहेगा।

### दुर्ग रेलवे स्टेशन में पांच अनाधिकृत वेंडर पकड़ाए

**भिलाई।** रेलवे ने अधिकृत वेंडरों द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसे लेकर स्टेशनों, ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान को बेहतर करने के लिए अभियावन चलाया जा जा रहा है। रेलवे प्रशासन को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा ट्रेनों प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खानपान जांच किया जा रहा है। इसे लेकर दुर्ग रेलवे स्टेशन में चलाये गए औचक खानपान जांच अभियान के दौरान 5 आनाधिकृत वेंडर पकडे गये। जिन पर रेलवे ने कार्रवाई किया है। सभी केटरिंग संचालकों को बिना प्लेटफार्म परमिट के प्लेटफार्म, ट्रेनों में खाद्य सामग्री नहीं बेचे जाने की सख्त हिदायत दी। मंडल रेल प्रशासन अनाधिकृत वेंडिंग को पूर्णतः बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ समेत आरपीएफ की टीम शामिल थी।

### अनाचार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** नाबालिग ने 14 वर्षीय किशोरी के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक किशोरी के मामा के यहां नाबालिग काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और नाबालिग रात में किशोरी को होटल ले जाता था। जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया करता था। किशोरी और नाबालिग दोनों फोन पर बातें कर रात को हॉस्टल दुर्ग लेने नाबालिग पहुचता था। सुबह होते ही नाबालिग किशोरी को हास्टल छोडा करता था। किशोरी कक्षा दसवीं की पढ़ाई करती है। पावर हाउस स्थित होटल को दोनों बुक करते थे।

### सुरक्षा की अनदेखी, जामुल के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** दीपाली मनाने गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी चोरी हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 05, 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी सुनील सिंह प्राइवेट नौकरी करता है। 31 अक्टूबर की सुबह मकान में ताला जड़कर नौकरी के लिए रायपुर चला गया। परिवार के साथ रात को अपने गांव ट्रेन से रींवा दीवाली त्यौहार मनाने चला गया। रविवार सुबह वार्ड पार्षद ने कॉल कर पीड़ित को जानकारी दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे चांदी के सिक्के , नगदी 6 हजार रुपए पार हो गया है। मकान से एक बाइक और साउंड स्पीकर भी गायब है।

हादसा

# अनियंत्रित होकर पलटी 35 मजदूरों से भरी पिकअप, 21 घायल, 3 की हालत गंभीर

### बुधवार को चरगंवा-झांकी मार्ग पर धोबनी खुर्द के पास हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बुधवार को क्षेत्र के चरगंवा-झांकी मार्ग पर धोबनी खुर्द गांव के नजदीक मजदूरों से भरी एक पिकअप संतुलन बिगड़ने से पलट गई। हादसे में 21 मजदूर घायल हो गए। घटना बुधवार दोपहर करीब 2.30 की बताई जा रही है।

- बोइरकचरा फार्महाउस काम करने जा रहे थे चरगंवा एवं सारंगपुर के मजदूर

मिली जानकारी के अनुसार पिकअप में ग्राम चरगंवा एवं सारंगपुर के करीब 35 मज़दूर बोइरकचरा फार्महाउस काम करने जा रहे थे। तभी धोबनी खुर्द के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में 21 मजदूर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय वाहन से नवागढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ 06 गम्भीर मरीज को बिलासपुर सिम्स अस्पताल रिफर कर दिया गया, जिसमें से 03 की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। 06 मजदूर का इलाज मुंगेली के निजी अस्पताल में जारी है। फिलहाल चालक फरार है एवं हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।







### घायलों में ये शामिल

घायलों में मुंगेशिया पति रामखिलावन उम्र 43 वर्ष, धर्मा पिता साहेबदास उम्र 45 वर्ष, बहरीन पति बलीराम उम्र 45 वर्ष, उषा पिता विक्रम उम्र 18 वर्ष, पीलिया पति पारस उम्र 50 वर्ष, फागन बाई पति नरेश उम्र 45 वर्ष, चांदी बाई पति सुशील उम्र 45 वर्ष, त्रिवेणी पति भागवत उम्र 55 वर्ष, सरला पति सियाराम उम्र 38 वर्ष, दुलारी पति समारू उम्र 45 वर्ष, रामप्यारी पति धर्मेंद्र उम्र 35 वर्ष, हीराबाई पति रामधर उम्र 55 वर्ष, हेमलता पति सुरेश उम्र 28 वर्ष, सुमरित पति भोलू उम्र 45 वर्ष, लता पति चंद्रा उम्र 55 वर्ष, कारी पति सिया उम्र 70 वर्ष, सरिता पति महेंद्र उम्र 35 वर्ष, कांति उम्र सदाराम 40 वर्ष, मधु पति सुलेन्द्र उम्र 34 वर्ष, मुंगेशिया पति रामखिलावन उम्र 45 वर्ष एवं सरिता पति सियाराम उम्र 38 वर्ष शामिल हैं।

### प्रशासन की नजर

घटना की जानकारी होते ही नवागढ़ एसडीएम मुकेश कुमार गोंड़, नवागढ़ तहसीलदार विनोद बंजारे, बीएमओ डॉ एमएम रज़ा, पटवारी दिनेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर सहित प्रशासनिक अमला नवागढ़ अस्पताल पहुंचा। जहां एसडीएम गोड़ ने घायलों की जानकारी ली और चिकित्सकों को यथासंभव बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। देर रात तक प्रशासन की टीम अस्पताल में बनी रही और अपडेट जिला प्रशासन तक पहुंचाते रहे।



### लापरवाही से चला रहा था ड्राइवर

घायल लता गेन्डरे ने संवाददाता से बातचीत में बताया कि पिकअप चालक लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में चला रहा था। गाड़ी लहरा रही थी। तभी अचानक पिकअप बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। गाड़ी की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि गाड़ी पलटने के बाद फिर से खड़ी हो गयी।

### कांग्रेस ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर उठाए सवाल

घायलों के हालचाल जानने पहुँचे कांग्रेसी नेता विजय बघेल ने नवागढ़ अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि एकतरफ विष्णुदेव की सरकार सुशासन की बात करती है दूसरी तरफ यहां घायलों के इलाज के लिए पर्याप्त बेड तक नहीं है, दो-दो घायलों को एक बेड पर लिटा कर इलाज किया जा रहा था।

### इलाज जारी

नवागढ़ बीएमओ डॉ एमएम रज़ा ने बताया कि घटना में घायल 21 मजदूरों को नवागढ़ अस्पताल लाया गया था, जिसमें से तीन की हालत काफी ज्यादा नाजुक थी। हमने 6 मजदूरों को बिलासपुर रेफर किया है। वहीं, 6 मजदूर स्वेच्छा से निजी अस्पताल इलाज के लिए गए हैं। बाकी मजदूरों का अस्पताल में इलाज जारी है, जो फिलहाल ठीक हैं। अस्पताल का अतिरिक्त भवन तैयार हो चुका है, जिसमें अतिरिक्त बेड भी लग चुका है। रोड की कमी के चलते वहां इलाज शुरू नहीं हो पाया है, जल्द व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की बाढ़, विकास कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी जमीनों पर बढ़ते अवैध कब्जों से क्षेत्र में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं।

दशहरा मैदान, साजा रोड, बायपास रोड, उमरावनगर रोड, और बेमेतरा रोड सहित प्रमुख स्थलों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण किया जा रहा है और उन्हें किराए पर भी चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतें दर्ज होने के बावजूद संबंधित तहसीलदार और एसडीएम



द्वारा समय पर उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई बार शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्यों को अस्थायी रूप से रोका गया, लेकिन कुछ समय बाद फिर से अवैध निर्माण कार्य शुरू हो जाता है। इससे शासन को लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अतिक्रमण के कारण सरकारी भूमि धीरे-धीरे समाप्त हो रही है, जिससे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में जमीन की कमी के कारण कई महत्वाकांक्षी योजनाएं पूर्ण नहीं हो पा रही हैं, जिससे आम जनता इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रही है।

### प्रशासन पर पक्षपात का आरोप

नागरिकों ने आरोप लगाया है कि विभागीय अधिकारियों के पास बार-बार शिकायत करने के बावजूद केवल गरीब मजदूरों पर ही कार्रवाई की जाती है, जबकि प्रभावशाली व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने में अधिकारियों की उदासीनता नजर आती है। ऐसे में जनता का प्रशासन पर से विश्वास उठता जा रहा है। कुछ बुद्धिजीवियों ने निवेदन किया है कि शासन प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे और खमरिया नगर पंचायत क्षेत्र की सभी सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराए, ताकि क्षेत्र में शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके।

### अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्रवाई

शासकीय जमीन पर कब्जा अनुचित है। अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए एसडीएम से चर्चा कर निर्देश दिया जाएगा।

**- रणवीर शर्मा** कलेक्टर, बेमेतरा

# किराना दुकान में चोरी के आरोप में दो पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम संडी में किराना दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 59,000 रूपए एवं चोरी की रकम से खरीदे गये दोपहिया वाहन को जब्त कर लिया गया है।

- आरोपियों से चोरी की रकम के साथ दोपहिया वाहन जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नंदकिशोर पाण्डेय उम्र 48 साल निवासी ग्राम सण्डी ने रिर्पोट दर्ज कराई थी कि ग्राम सण्डी में उनकी किराना दुकान है। 31 अक्टूबर की सुबह करीबन 04.30 बजे उनके पिता ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय ने मोबाईल से सूचना दी कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है। उन्होंने सण्डी जाकर देखा तो दुकान की रेक में 30,000 रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर द्वारा 30 व 31 अक्टूबर की मध्य रात्रि दुकान के संकल को खोलकर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है। मामले में धारा 331 (4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय से पूछताछ करने पर बताया कि तीसरे नंबर की रेक में नकदी रकम 1,46,100 रूपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही उमेश निषाद उम्र 35 वर्ष, ईश्वरी साहू उम्र 45 वर्ष निवासी सण्डी से पूछताछ की। इस पर पता चला कि कुल नगदी रकम 1,25,000 रूपये को चोरी कर घटना में प्रयुक्त पेंचीस, टेस्टर को दराज के नीचे में रखकर दुकान से बाहर निकला। चोरी की रकम में से ईश्वरी साहू को 50,000 रूपये देने पर अपने घर चले गये और उमेश निषाद चोरी के रकम से नया एक्टीवा 35,000 रूपए एडवास देकर खरीदी लिया। 1000 रूपए खाने पीने में खर्च किया। उधर, ईश्वरी साहू चोरी की रकम में से 30,000 रूपये को खाने पीने में खर्च किया और शेष रकम 20,000 रूपये को छुपाकर रखा बताया। आरोपियों की निशादेही पर चोरी किये गये नगदी रकम में से कुल 59,000 रूपए एवं चोरी के रकम से खरीदे नई गाड़ी किमती 1,11,200 रूपए सहित कुल जुमला 1,70,200 रूपए बरामद किया गया। आरोपी उमेश निषाद पिता मंगतु राम निषाद उम्र 35 साल निवासी सण्डी एवं ईश्वरी साहू पिता रामशरण साहू उम्र 45 साल निवासी सण्डी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुर्वे, आरक्षक कैलाश पाटिल, गजानंद पाटिल, प्रवीण वर्मा, छोटुराम टेम्बुकर, रमेश चंद्रवंशी सहित थाना स्टाफ का मुख्य भूमिका रही।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई कांग्रेस की बैठक



**बेमेतरा।** शहर कांग्रेस कमेटी की आगामी होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शहर कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदों, पूर्व एल्डरमैन और बूथ अध्यक्ष की बैठक हुई। बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा हुई, वहीं ग्राम मझगांव स्थित राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री मामले में कलेक्टर के आश्वासन पर स्थगित आंदोलन पर अब तक कोई कारवाई नहीं होने के कारण फिर से जनआंदोलन किए जाने सहित अन्य मुद्दों पर रणनीति बनाई गई। बैठक में सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, जोगेंदर छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, रीता पांडेय शहर महिला अध्यक्ष, शत्रुहन साहू, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा,अखिलेश नामदेव, रानी सेन, जया साहू, राम ठाकुर घनश्याम देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी के मामले में फरार एक आरोपी पकड़ाया

**बेमेतरा।** साजा थाना मुख्यालय में विगत दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस की जांच टीम को बड़ी सफ़लता हाथ लगी है। इस मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की खोजबीन में पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली है। दरअसल नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 14 निवासी 51 वर्षीय प्रार्थी जितेन्द्र जैन ने साजा थाने में पहुंचकर उनकी दुकान में 20 अक्टूबर की रात चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि दराज में रखी नकदी रकम करीबन 4,75,000 रूपये व 3 नग मोबाईल नहीं थे। रिपोर्ट पर थाना साजा में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान विगत माह आरोपी संजय ठाकुर, गणेश नवरंगे एवं एक विधि से संघर्षरत बालक से चोरी की रकम में मिले हिस्से के रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 03 नग लोहे के औजार एवं मोटर



सायकल को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस बीच जालबाँधा पुलिस चौकी के ग्राम करमतरा निवासी 20 वर्षीय आरोपी मकसुदन साहू पिता मनबोद साहू को कल 06 नवम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। वहीं बताया जा रहा है कि प्रकरण में फरार अन्य आरोपी की पता तलाश जारी है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए बेमेतरा

# विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है छत्तीसगढ़ : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बेमेतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी थीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। जिला स्तरीय राज्योत्सव और विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सहित विधायक दीपेश साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

- ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया गया जिलास्तरीय कार्यक्रम

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने जिले और प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य के 24 वर्ष




पूर्ण होने और 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य की अलग पहचान बनी है। यह पहचान आप सभी बेमेतरा सहित छत्तीसगढ़ वासियों की मेहनत और परिश्रम से बना है। उन्होंने कहा कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का हर वादा पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के दर से की जा रही है। 18 लाख जरूरतमंद परिवारों को हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 8 लाख 46 हजार 931 आवासों की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार में प्रदेश बुलंदियों को छूता हुआ देश में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि हमने बनाया, हम ही संवारेंगे।

हरिभूमि पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप




### बॉयस डबल्स में जसवानी और शाश्वतश्री ने जीती ट्रॉफी

**रायपुर।** राज्यस्तरीय मिनी एवं सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबलों में रायपुर के ऐरिक जसवानी ने अंडर-11 बॉयस सिंगल्स में रनरअप व बॉयस डबल्स में ऐरिक जसवानी व शाश्वतश्री ने रायपुर के ही पुष्कल देवांगन व रक्षित यादव को हराकर फाइनल विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। यह बैडमिंटन चैंपियनशिप रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स में संपन्न हुई।

### असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान, एसएसपी को ज्ञापन

**रायपुर।** सरोना बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले लगभग 20 गरीब परिवार के लोग असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों से परेशान हैं। कॉलोनी निवासियों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के आदतन अपराधियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हुए विवाद किया जाता है। सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, शहर की कानून व्यवस्था अनियंत्रित हो रही है, कानून व्यवस्था को ताक में रखकर और बेखौफ होकर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है, जिस कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी सहित बड़ी संख्या में बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के निवासी उपस्थित थे।

### चापर दिखाकर दहशत फैलाते धरा गया आरोपी

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। घटना 5 नवंबर को सुबह 11.50 बजे की है। मंगतदान चारण निवासी राजभोग मिठाई दुकान अमलीडीह ने थाने में सूचना दी कि उसके होटल में काम करने वाला मिस्त्री सुरेश यादव चापर हथियार लेकर उसके होटल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को चापर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका का योगदान न केवल असम, बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। उनकी विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें।

# त्योहारी सीजन में बिके 73 हजार वाहन, आटोमोबाइल सेक्टर में बरसे ढाई हजार करोड़

## अक्टूबर में बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा बिके वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में इस बार हर सेक्टर पर लक्ष्मी जी की कृपा जमकर बरसी है। हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है। आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 72721 वाहन बिके, वहीं अक्टूबर में 84781 वाहन बिके। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। बीते साल अक्टूबर में 52260 वाहन बिके थे। इस साल 32 हजार वाहन बिके हैं। अक्टूबर में जो वाहन बिके हैं, उनकी अनुमानित कीमत ढाई हजार करोड़ है। इसमें जहां 17 सौ करोड़ के चारपहिया वाहन बिके हैं, वहीं करीब छह सौ करोड़ के दोपहिया और बाकी अन्य वाहन बिके हैं। त्योहारी सीजन का आगाज नवरात्रि से होता है। वैसे तो वाहनों की बिक्री गणेशोत्सव में लगातार 11 दिनों तक होती है, लेकिन आटोमोबाइल सेक्टर में असली बूम नवरात्रि से ही आता है। नवरात्रि में भी लोग 9 दिनों तक वाहन लेते हैं। इसके बाद पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा कारोबार होता है। इस बार दोनों शुभ मुहूर्त पर बहुत ज्यादा वाहन बिके हैं।



### कौन से वाहन कितने बिके

*पूरे अक्टूबर माह में वाहन की बिक्री जमकर हुई है। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। इस माह जहां सबसे ज्यादा 64893 दोपहिया वाहन बिके, बीते साल ये 38829 बिके थे। वहीं चार पहिया वाहनों में कारों की भी भारी डिमांड रही। इस बार तो सभी डीलरों के पास भारी संख्या में स्टॉक होने के कारण मॉडलों का भी लोचा नहीं हुआ और सबको मनपसंद वाहन भी मिले। कुल मिलाकर 14120 चार पहिया वाहन बिके। बीते साल 8221 चारपहिया वाहन ही बिके थे। इसके अलावा इस साल 1556 तीन पहिया, 2276 लाइट कमर्शियल व्हीकल और 1358 हैवी कमर्शियल व्हीकल भी बिके। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक इस बार दोपहिया वाहनों की बहुत ज्यादा डिमांड रही। बीते सील से इस बार 26 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं। इसी तरह से चार पहिया वाहनों की भी ज्यादा डिमांड होने के कारण चार हजार कारें ज्यादा बिकी हैं।*

### बीते साल से ज्यादा बिके

इस बार का त्योहारी सीजन बीते साल से ज्यादा अच्छा रहा। बीते साल से अक्टूबर माह में 32 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं।

- **विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, फाड़ा छत्तीसगढ़

# शास्त्री बाजार में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

**निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाद अब शास्त्री बाजार पार्किंग के ठेकेदार और उसके कर्मचारी भी गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों से जहां मनमाना किराया वसूलने लगे हैं, वहीं विजेता काम्पलेक्स एवं अन्य निजी दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने वाले लोगों से भी पार्किंग के नाम पर जबरदस्ती वसूली की जा रही है। इसके कारण आए दिन वाहन चालकों का पार्किंग कर्मियों से विवाद होता रहता है। राजधानी रायपुर के शास्त्री बाजार में फल मार्केट के सामने पार्किंग बनाई गई है। नगर निगम प्रशासन ने इस पार्किंग को ठेके पर दिया हुआ है। प्रति दोपहिया वाहन 5 रुपए तथा तीन एवं चारपहिया वाहन का 10 रुपए पार्किंग शुल्क रखा गया है। यह शुल्क पार्किंग में खड़ी करने वाले गाड़ी चालकों से ही वसूला जाना है, लेकिन पार्किंग के कर्मचारी अब गुंडागर्दी करते हुए मनमाने रूप से निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है।




### शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई

इस मामले में अभी तक कोई शिकायत मिली नहीं है। चेक कराता हूं। नियम के तहत ही पार्किंग शुल्क लिया जाना है। पार्किंग परिसर से बाहर खड़े वाहन का शुल्क वसूलने का अधिकार पार्किंग ठेकेदार को नहीं है।

- **अबिनाश मिश्रा,** कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### रसीद में ठेकेदार का नाम-हस्ताक्षर एवं दर का उल्लेख भी नहीं

*नगर निगम ने जिस व्यक्ति को पार्किंग का ठेका दिया है, उसके द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा। पार्किंग शुल्क की जो रसीद वाहन चालकों को दी जा रही है, उसमें ठेकेदार का नाम और हस्ताक्षर दोनों नहीं हैं। यही नहीं, रसीद में शुल्क की दर का भी उल्लेख नहीं है। इसका फायदा उठाकर कर्मचारी कई वाहन चालक से मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं। रसीद में किसी प्रकार की सील भी लगी नहीं है।*

### त्योहार में जमकर वसूली

*दीपावली त्योहार के दौरान धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा के दिन तक शास्त्री बाजार में पार्किंग शुल्क के नाम पर आम लोगों से पार्किंग के कर्मियों द्वारा जमकर वसूली की गई। कुछ स्थानीय दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पार्किंग के कर्मी अब पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान हमारी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले कई वाहन चालकों की भी रसीद काटी गई है। विरोध करने पर उनके द्वारा निगम के अधिकारियों का हवाला देते हुए गुंडागर्दी की जाती है।*

### पार्किंग में जगह नहीं फिर भी वसूल रहे शुल्क

*शास्त्री बाजार में सब्जी, फल, रेडीमेड कपड़ा से लेकर विभिन्न व्यावसायिक दुकानें भी हैं। इसके कारण त्योहार के समय में अक्सर शास्त्री बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ पहुंचती है। इनमें ज्यादातर लोग वाहन से ही पहुंचते हैं। ये लोग पार्किंग परिसर में जगह नहीं होने या गंदगी पसरी होने के कारण अपनी गाड़ी निजी दुकानों के सामने खड़ी कर खरीदारी करते हैं। इसके बाद भी पार्किंग कर्मचारी इन लोगों की जबरन रसीद काट रहे हैं।*

# केंद्रीय जेल गेट पर फायरिंग मामले में फरार 2 आरोपी सहित 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने युवक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी इस वारदात में शामिल थे, जो घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन दोनों के साथ इनके फरार होने में मदद करने वाले उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस फायरिंग मामले में दो आरोपियों को घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात में आरोपियों के अन्य साथी के साथ कई सहयोगी भी शामिल हो सकते हैं, जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है। रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने शेख साहिल पर कट्टे से फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुस्तैदी के साथ आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। आरोपियों ने सोमवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे घटना को



अंजाम दिया था। इस घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दो आरोपी शेख शाहनवाज और शाहरुख को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं कारतूस का खाली खोखा जब्त किया था। आरोपियों ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के नाम बताए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अब्दुल शेख गफ्फार उर्फ वादिया 47 वर्ष निवासी रजबंधा तालाब मौदहापारा एवं हीरा छुरा 24 वर्ष निवासी राजीव आवास कालोनी लालगंगा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ओड़िशा भागने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा। पुलिस ने इन दोनों के साथ उनके भागने में मदद करने का प्रयास करने वाले नरेंद्र जगत निवासी कबीरनगर एवं रवि जाल निवासी आदर्श नगर थाना राजेंद्र नगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के और साथी एवं सहयोगी शामिल हो सकते हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है।

### आईजी-एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

*इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में 10 अलग-अलग टीम बनाई थी। इस टीम ने 24 घंटों के भीतर ही इस प्रकरण से जुड़े सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टीम द्वारा त्वरित गति से आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आईजी और एसएसपी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए इनाम की घोषणा की है। आईजी ने 25 हजार रुपए एवं एसएसपी ने 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है।*

# नाली में बनी पुलिया, बच्चों के लिए लगी फिसलपट्टी




हरिभूमि न्यूजःडौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 9 के वार्डवासियों की मांग को नगर अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू व वार्ड पार्षद झुमक कोसमा ने पूर्ण किया। इसके लिए वार्ड वासियों ने हर्ष वक्त करते हुए आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड की नाली में पुलिया नहीं होने के कारण परेशानी होती थी, जिसमें पुलिया बनाकर आवागमन को सुगम बनाया गया। इसके साथ ही वार्ड के बच्चों के लिए फिसलपट्टी लगाई गई। इस अवसर पर लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष, झुमुक लाल कोसमा सभापति और वार्डवासियों के सहयोग से पौधारोपण भी किया गया। वार्डवासियों ने अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व सभापति झुमुक लाल कोसमा का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने नगर पंचायत कर्मियों को आसपास के कचरे की साफ सफाई कर मुरुम फीलिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्याम बाई कोसमा, सुखिया बाई, लक्ष्मी बाई यादव, गुरु दयाल कोसमा, राजूराम, लादूराम, विक्रम यादव, नकुल, भुवन कुमार, दीपक यादव सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 9 के नागरिकों के लिए दी सौगात

# मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही है। शवों को जलाने के लिए शोकाकुल परिवार के लोगों को भटकना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन सुस्त बना हुआ है। नगर निगम द्वारा रामनगर मुक्तिधाम में शवों के दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की सप्लाई का काम ठेके पर दिया हुआ है।

मुक्तिधाम में शवों का दाह संस्कार करना मुश्किल होता जा रहा है। दिवंगतों के परिजनों ने बताया कि पिछले पंद्रह बीस दिन से मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों का टोटा बना हुआ है। यहां पतली लकड़ियां बिल्कुल नहीं है। सिर्फ मोटी लकड़ियां ही बची हैं। शवों को जलाने के लिए मोटी लकड़ियों के साथ पतली लकड़ियों की भी जरुरत होती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों के नाम पर सिर्फ मोटी मोटी लकड़ियों की ही सप्लाई की जा रही है।

इस कारण दिवंगतों के परिजनों के लकड़ियों के लिए भटकना पड़ रहा है । कई परिजन तो बाहर से पतली लकड़ियां ला रहे हैं। मोटी लकड़ियों से चिता पूरी नहीं जल रही है या फिर अधिक समय लग रहा है। इससे दिवंगतों के परिजनों का दुख और परेशानी अधिक बढ़ने के साथ अधिक समय तक रुकना पड़ रहा है। लेकिन वैशालीनगर जोन सहित नगर निगम प्रशासन बेसुध है।

### रोज लाए जाते हैं पंद्रह शव

रामनगर मुक्तिधाम में रोज दस से पंद्रह शवों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था है। पटरीपार क्षेत्र में यह एकमात्र मुक्तिधाम है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक शव को जलाने के लिए लगभग तीन क्विंटर लकड़ी की जरुरत पड़ती है। इसके साथ छेना का भी उपयोग होता है। लेकिन पर्याप्त व पतली लकड़ियों की सप्लाई नहीं होने से संबंधितों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में भी लोग गीली लकड़ियों की सप्लाई होने से परेशान रहे। अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार करने आए लोगों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल समस्या का निदान कर शोकाकुलों को राहत दिलाने की जरुरत है।

# दीपावली में भी कर्त्तव्य निभाते रहे, स्वास्थ्य कर्मियों ने अतिरिक्त अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पैरामेडिकल कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश अन्य कार्य दिवस की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मनोज पिंगुआ और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रदेश के सभी विभागों में दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिन अधिकारी-कर्मचारियों ने अवकाश मनाया है। शासकीय अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है। वैसे भी अस्पतालों में मैनपावर कम है। इसके बावजूद केजुअल्टी के साथ अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल करने स्टाफ नर्स,दवा देने फार्मासिस्ट, दुर्घटना के शिकार लोगों की मल्हम पट्टी करने व टांका लगाने ड्रेसर सहित सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने दीपावली की छुट्टी पर ड्युटी कर सुरक्षित प्रसव सहित इमरजेंसी केसेस का पूर्ण उपचार किया है। मांग करने वालों में प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ,प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा,आर डी दीवान, अश्वनी गुर्देकर, अनिल पांडेय उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल ,बी के शुक्ला, अजय परिहार, तुफान अली, नर्सिंग प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक जैकलीन डान संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, संगठन सचिव जी मोहन राव एम पंडैया आदि शामिल हैं।


## 150 निवेशकों में 75 का हुआ चेक बाउंस, गिरफ्तारी से निवेशकों में जागी आस

# चेक बाउंस वाले निवेशक भी पहुंच रहे हैं डॉ. खंडूजा के खिलाफ थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ एमके खंडूजा ने सैकड़ों की संख्या में भिलाई-दुर्ग के लोगों से ठगी किया। इसमें 150 निवेशको में 75 को रुपए निकालने चेक दिया गया था। उनके चेक बाउंस हो चुके है। पुलिस ने जब डॉ एमके खंडूजा को गिरफ्तार करने के बाद निवेशकों में रुपए मिलने के आस में थाना और चौकी के चक्कर काट रहे है। इन निवेशकों को रुपए मिलने की आस जाग गई है। अब तक पुलिस डॉ एमके खंडूजा मामले में पुलिस शिकायत सभी का लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। आने वाले दिनों में पुलिस डॉ खंडूजा के ठगी मामले में बड़ा खुलासा भी हो सकता है। पुलिस ने एमके खंडूजा को बीते दिनों 19.41 करोड़ के ठगी मामले में कलकत्ता से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं डॉ खंडूजा की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्कि लगातार उनकी परेशानी बढ़ती ही जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस चौकी में करीब डेढ़ सौ निवेशकों ने डॉ खंडूजा के खिलाफ शिकायत किया है।

- 19 .41 करोड़ ठगी मामले में गिरफ्तार हैं
- अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर थे



अस्पताल को बेचने से पहले कई महीनों तक एमके खंडूजा ने डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ तक को वेतन देना बंद कर दिया था। सभी कर्मियों को सिर्फ आश्वासन दिया जाता था कि वेतन जल्द मिलेगा। इसी आस में कर्मियों द्वारा काम किया जाता रहा है। इसके अलावा कर्मियों के वेतन से कटने वाली पीएफ की राशि को कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में जमा तक नहीं किया गया। बल्कि जुलाई 2016 से नवंबर 2018 तक का अंशदान जमा नहीं किया। डॉ. मनमोहन खंडूजा ने अपने कर्मियों का पीएफ राशि करीब 6 करोड़ 66 लाख 11 हजार 404 रुपए कार्यालय में जमा तक नहीं किया।

### ब्याज देने के बहाने दिया था चेक

बताया जा रहा है कि डॉ एमके खंडूजा ने निवेशकों को ब्याज की राशि के एवज में चेक भी दिया लेकिन बाउंस होने के बाद निवेशक भडक गए। तब तक डॉ खंडूजा अपने अस्पताल को बेचकर शहर छोड़कर फरार हो गए थे। इस दौरान निवेशक आरोपी डॉ खंडूजा को खोजते रहे लेकिन इस बीच छावनी पुलिस थाने में इंजीनियरिंग कालेज के संचालक ने 19.41 करोड़ रुपए का ठगी के मामला छावनी पुलिस ने दर्ज किया। एसीसीयू और छावनी पुलिस ने मशक्कत के बाद डॉ खंडूजा को पकड़ कर लाया गया। इस ठग के लाने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी हुई कई निवेशकों को दिए गए। मगर वो निवेशक भी थाने पहुंचकर शिकायत कर रहें है।

### संपत्ति को जब्त भी किया जा सकता है

" पुलिस जांच कर मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी की संपत्ति को जब्त कर सकती है। यदि संपत्ति आय से अधिक पाई जाती है तो आर्थिक अपराध ब्यूरों भी कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा चिकित्सक का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। पुलिस आरोपी पर धारा 419, 42, 467, 468, 471, 120 बी , 201, 34 के तहत भी कार्रवाई कर सकती है। आवेदक अपनी लिखित शिकायत देकर थाना और चौकी से पावती जरुर ले। इसके अलावा आवेदक अपने अधिवक्ता के माध्यम से धारा 156 (3) सीआरपीसी, धारा 178 बीएनएस के तहत कोर्ट में आवेदन कर सकता है।



**ज्ञानप्रकाश दांडेकर,** अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट

# राज्योत्सव से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में फैलेगी: सांसद अग्रवाल

**दुर्ग।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव शुरु हुआ। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों में विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि थे।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने पीएम नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### सड़क कांग्रेस अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रण

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में लोक निर्माण के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें ऑल इंडिया रोड कांग्रेस के 8वें अधिवेशन के लिए आमंत्रण दिया। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित यह अधिवेशन 8 से 11 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में होगा, जिसमें देशभर के राज्यों के लोक निर्माण के अधिकारी, कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, डिजाइनर, स्टेट हाईवे के अधिकारी, तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी आदि शामिल होंगे।

### छठ महापर्व में शामिल होने दिया न्योता



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की और उन्हें छठ महापर्व में शामिल होने का न्योता दिया।

### नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लुभा रहा



**रायपुर।** नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाईओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निर्माणों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

### कनाडा में हिंदुओं पर हमले की सिख समुदाय ने की निंदा

**रायपुर।** कनाडा के मंदिरों में हिंदुओं पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किए गए हमले की छत्तीसगढ़ का समूचा सिख समाज पुरजोर निंदा करता है, ऐसी अलगाववादी नीतियों का विरोध करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के संयोजक व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि कनाडा में 7 लाख से ज्यादा सिक्ख निवास करते हैं, मुट्ठीभर अलगाववादियों की इस कायराना हरकत की छत्तीसगढ़ का पूरा सिख समाज निंदा करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, तेजिंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, मंजीत सिंह सलूजा, हरजीत सिंह अजमानी, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, गुरदीप सिंह छाबड़ा ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर गिरफ्तार करने साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है।

# बच्चों! पैदल ही चलिए, क्योंकि ये रविवि है... दान में मिला ई-रिक्शा चंद किमी चलकर गुम, भाड़े का भी हिसाब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को दान में मिला ई-रिक्शा इन दिनों धूल खा रहा है और छात्र कई किमी की दूरी तय करके अपने विभाग तक पैदल ही पहुंच रहे हैं। दरअसल रविवि द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र में ई-रिक्शा सुविधा की शुरुआत की गई थी। इसे रविवि के मुख्य द्वार से अन्य विभाग तक छात्रों के लिए चलाया जाना था। छात्रों से 3 से 5 रुपए की दर से भाड़ा लिया जाना था। रविवि के अन्य वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों द्वारा ही इसे चलाया जाना था, लेकिन शुरुआती दिनों में कुछ फेरे के बाद यह छात्रों के किसी काम का नहीं रह गया है। अब इसे सुंदर शो पीस की तरह रविवि कैंपस में खड़ा कर दिया गया है। बाहर से आने वाले छात्रों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि इस तरह की कोई सुविधा उनके लिए प्रारंभ भी की गई है। इसके संचालन और भाड़े से होनी वाली आमदनी का ब्योरा रखने के लिए रजिस्टर की भी व्यवस्था शुरुआत में की गई थी, लेकिन अब उसे भी मेंटेन नहीं किया जा रहा है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, वाहन संबंधित खराबी के कारण बंद पड़ा है।

**खास बातें**

- रविवि के मुख्य द्वार से अध्ययनशालाओं और प्रशासनिक भवन की दूरी है कई किमी
- छात्रों से लिया जाना था 3 से 5 रुपए तक भाड़ा, तय किया गया था रूट और किराया



### बाहरी छात्रों को होती है परेशानी

रविवि के पास 300 एकड़ जमीन है। कुलपति-कुलसचिव निवास, प्राध्यापक कॉलोनी के इतर रविवि अध्ययनशाला तथा प्रशासनिक भवन ही कई एकड़ में फैला हुआ है। अध्ययनशाला में पढ़ाई के अलावा प्रशासनिक भवन में विभिन्न कार्य लेकर छात्र कई जिलों से आते हैं। सार्वजनिक परिवहन साधनों द्वारा उन्हें मुख्य द्वार पर ही उतार दिया जाता है। यहां से संबंधित विभाग तक पहुंचने छात्रों को कई किलोमीटर का रास्ता तय करना होता है। तेज गर्मी अथवा बारिश की स्थिति में उन्हें अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### संस्थाओं से मांगा गया था सहयोग


रविवि ने इसके लिए सामाजिक संस्थाओं से सहयोग भी मांगा था। स्वस्फूर्त होकर एक सामाजिक संस्था द्वारा रविवि को निशुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध करवाया गया था। रविवि द्वारा स्वयं की राशि से भी इसके लिए बजट निकालने की तैयारी थी। इस दिशा में अधिक कार्य नहीं किया गया। केवल एक संस्था द्वारा ई-रिक्शा प्रदान किए जाने के बाद अन्य संस्थाओं से ना ही संपर्क किया गया और ना ही अन्य ई-रिक्शा खरीदी के संदर्भ में विचार किया गया।

# महापौर बोले-भाजपा नेताओं को दूंगा कानूनी नोटिस गौरीशंकर ने कहा- धमकी से सच्चाई नहीं बदलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर हुई फायरिंग के मामले में भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास द्वारा एक आरोपी की महापौर एजाज ढेबर के साथ फोटो वायरल करने के मामले में महापौर ने कहा, ऐसा करने वाले भाजपा नेताओं को मैं कानूनी नोटिस दूंगा। महापौर के नोटिस वाले बयान पर भाजपा नेता श्रीवास ने कहा, महापौर की ऐसी धमकी से मैं डरने वाला नहीं हूं। उनकी धमकी से सच्चाई नहीं बदलेगी।

महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छूरा नाम के किसी घटना के आरोपी के साथ मेरी किसी फोटो को वायरल कर भाजपा के लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि वह मेरा गुर्गा है। गुर्गा शब्द का इस्तेमाल करना बेहद आपत्तिजनक है। फोटो वायरल करने वाले भाजपा नेताओं को मैं कानूनी नोटिस भेजने जा रहा हूं। एफआईआर भी कराऊंगा। मैं न तो कोई लारेंस बिश्नोई हूं और न ही मेरी कोई डी या सी कंपनी है। श्री ढेबर ने कहा, यह सही है कि छूरा नाम का वह युवक मेरे वार्ड का है। राजीव आवास अंतर्गत बने मकान में उसका आवास है। फोटो भी मेरी ही है, लेकिन फोटो हो जाने से मैं कोई अपराधी नहीं हो जाता। कोई यह साबित कर दे कि छूरा मेरा गुर्गा है, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। महापौर होने के नाते मेरे साथ हजार लोग फोटो खिंचवाते होंगे। यह मैं कैसे तय कर सकता हूं कि फोटो खिचवाने वालों में से कौन शरीफ है और कौन अपराधी। मेरे पास भी



एक फोटो है। उस फोटो में छूरा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू राजपूत के साथ नजर आ रहा है। कोई बता दे कि यह रिश्ता क्या कहलाता है।

### कांग्रेसी कर रहे भाजपा सरकार को बदनाम : श्रीवास



महापौर एजाज ढेबर द्वारा कानूनी नोटिस भेजे जाने के बयान पर भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कहा, महापौर की इस धमकी से सच्चाई नही बदल जाएगी। राज्य में जितनी घटनाएं हो रही हैं, सबमें कांग्रेसी नेता संलिप्त पाए जा रहे हैं। एक विधायक तो अभी भी जेल में है। उन्होंने कहा, शांतप्रिय छत्तीसगढ़ को कांग्रेस द्वारा प्रायोजित दहशत का गढ़ नहीं बनने दिया जाएगा। सारी साजिशों का अंत करके रहेंगे। मैं सच के लिए हमेशा लड़ा हूं और लड़ता रहूंगा।

### संजय श्रीवास्तव बोले- जेल के बाहर फायरिंग के फरार आरोपी का भी कांग्रेस से कनेक्शन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर हुई फायरिंग के फरार आरोपी के महापौर एजाज ढेबर के साथ फोटो वायरल हो रहे हैं। हर अपराध के पीछे कांग्रेस की संलिप्तता क्यों है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश को इस सवाल का जवाब दें। छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस का जो चुनाव चिन्ह पंजा है, लेकिन इस पंजे का दुरुपयोग छत्तीसगढ़ में इतना हो रहा है कि प्रदेश में घटित हो रहे हर एक अपराध के पीछे पकड़े जा रहे अपराधी कांग्रेस या फिर उसके नेताओं के साथ इन्वॉल्व पाए जा रहे हैं। चाहे सूरजपुर की बात करें या बलरामपुर घटना की बात करें, चाहे लोहारीडीह की घटना की बात करें या फिर दामाखेड़ा के कबीरपंथ के आश्रम से जुड़े हालिया विवाद की बात करें, चाहे बलौदाबाजार की हिंसा और आगजनी की बात करें, जिस मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव आज जेल के सींखचों के पीछे हैं।

### मीनल और मृत्युंजय बोले- कांग्रेस ने महापौर ढेबर को रायपुर दक्षिण के चुनाव से रखा है अलग




रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा, कांग्रेस न केवल खुद अपने भ्रष्ट आचरण के चलते रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में जनता जनार्दन से मुंह चुरा रही है, अपितु अपने उन जनप्रतिनिधियों को भी चुनाव प्रचार से दूर रख रही है, जिन्होंने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी थीं। राजधानी के महापौर एजाज ढेबर को रायपुर दक्षिण चुनावी जिम्मेदारी से दूर कर हाशिये पर डाल देना इसी तथ्य को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। श्रीमती चौबे, पार्षद दल प्रवक्ता श्री दुबे ने कहा, महापौर ढेबर की भ्रष्ट करगुजारियों के चलते उन्हें रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव से दूर रखा गया है। ढेबर के कार्यकाल में रायपुर नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया गया था। ढेबर और कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के राजनीतिक संरक्षण में निगम की कांग्रेस सरकार के रहते निगम में घपले-घोटालों की बाढ़ आ गई थी।

# सड़क, भवन, ईंट, टाइल्स बनाने में फ्लाई एश का उपयोग अनिवार्य, जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है कि राज्य में कोयले की राख (फ्लाई एश) का इस्तेमाल भवन निर्माण, सड़क बनाने ईंट और टाइल्स बनाने के काम के लिए अनिवार्य किया गया है। खास बात ये है कि यह प्रावधन किसी भी थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में होने वाले निर्माण पर लागू होगा। इस संबंध में भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस साल के शुरू में अधिसूचना जारी की थी और छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यावरण संरक्षण मंडल ने इसी आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देश जारी किया था।

इस मामले में अब संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी किया है। विभाग ने लिखा है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्य में राख आधारित उत्पादों तथा भवन निर्माण सामाग्रियों के प्रयोग को अनिवार्य करके उपजाऊ मिट्टी को संरक्षित करने और सड़क बनाने,



सड़क एवं फ्लाई ओवर के रेलिंग बनाने, अनुमोदित परियोजनाओं के निचले क्षेत्रों को भरने में मिट्टी के विकल्प के रूप में राख का इस्तेमाल किया जाना है। ऐसा करने से उपजाऊ मिट्टी एवं प्राकृतिक संसाधन को संरक्षित भी किया जा सकेगा।

### जारी हुआ ये आदेश

ऐसे सभी अभिकरण सरकारी, अर्धसरकारी और निजी जो सड़क बिछाने, सड़क और फ्लाई ओवर के किनारों, तटीय जिलों की सुरक्षा संरचनाओं और लिग्नाईट या कोयला आधारित विद्युत संयत्र से 300 किलो मीटर के रेडियस के भीतर बांधो जैसे निर्माण संबंधी क्रियाकलापों में अनिवार्य रूप से राख का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल प्लांट जिन्होंने ऐसी एजेंसियों को राख उपलब्ध कराने के लिए नोटिस दिया हो जिसके लिए राख और परिवहन की लागत कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल पावर प्लांट द्वारा वहन की जाएगी।

# वार्डों में प्रचार करेंगे पायलट भूपेश, महंत और टीएस

**पायलट लेंगे कांग्रेस नेताओं की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रचार में बड़े नेताओं को उतार रही है। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट सहित बड़े नेता वार्ड में जनसंपर्क कर प्रचार करेंगे। बुधवार को दो वार्ड में चुनावी सभा में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 7 से 10 नवंबर तक वार्डों में प्रचार करेंगे। सभी 19 वार्ड तक इन नेताओं का अलग-अलग जनसंपर्क अभियान कराने का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी वरिष्ठ नेता पांच-पांच वार्ड में जनसंपर्क करेंगे। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रचार अभियान की कमान कांग्रेस के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के हाथों में होगी। क्षेत्र में अब बड़े नेताओं का जमावड़ा दिखाई देगा।






पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रचार कार्यक्रम तय हो चुके हैं। कांग्रेस हर बूथ पर अपने विधायकों और पूर्व विधायकों की तैनाती कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को एक सप्ताह शेष है। कांग्रेस वार्डों में घर-घर संपर्क करने का अभियान चला रही है। अभियान के तहत अंतिम चरण में वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में लगाया गया है। 11 नवंबर को प्रचार थमने के पूर्व कांग्रेस एक बड़ी सभा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएगी। सभा में सभी बड़े नेता और कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होंगे। अब तक प्रत्याशी और बूथ के प्रभारियों के माध्यम से प्रचार अभियान चल रहा है।

### 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति

पार्टी के वरिष्ठ नेता डोर-टू-डोर जाकर प्रचार की कमान संभालेंगे। 7 नवंबर से अधिकांश विधायक अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों के बूथों में सक्रिय हो गए हैं। चुनाव संचालन समिति भी इस अभियान की निगरानी कर रही है। चुनाव को और प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस ने एआईसीसी के तीनों सचिवों को 6-6 वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है। कुल 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जहां अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं और इनकी मॉनिटरिंग विधायकों द्वारा की जाएगी।

### हर घर तक पहुंचने का प्रयास

कांग्रेस ने वार्डों में कार्यरत प्रभारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रणनीतियों को लागू करने की हिदायत दी गई है। नेताओं को जीत के लिए एकजुट होकर काम करने की नसीहत भी दी गई। कांग्रेस का उद्देश्य है कि प्रचार अभियान के दौरान हर बूथ के हर घर में कम से कम दो बार पहुंचा जाए। कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। अभियान के दौरान वरिष्ठ नेता प्रमुख सामाजिक हस्तियों के साथ भी बैठकें कर रहे हैं।

### आज आएंगे पायलट

एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को दोपहर 1.45 बजे नई दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 2.30 बजे शहीद पंकज विक्रम वार्ड में चुनावी सभा में शामिल होंगे। शाम 4.30 बजे वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर दशहरा मैदान रायपुर में चुनावी सभा में शामिल होंगे। रात्रि 8.25 बजे रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

# भाजपा पार्षदों ने राज्योत्सव का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला प्रशासन की अगुवाई में हो रहे राज्योत्सव में निमंत्रण कार्ड नही मिलने से दुर्ग नगरनिगम के भाजपा पार्षद खपा हो गए है। भाजपा पार्षद

- पार्षदों ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की शिकायत

जिला प्रशासन के आयोजन से इस कदर खपा हुए कि, इसकी शिकायत पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से कर दी गई हैं। मंत्री ने नाराज पार्षदों के पीडा सुनने के बाद कलेक्टर और एसपी के प्रति नाराजगी भी जाहिर की हैं।

भाजपा पार्षदों का कहना था कि, हर साल पार्षदों को जिला प्रशासन द्वारा व्यक्तिगत कार्ड दिया जाता था। लेकिन इस बार



एक ही कार्ड से समस्त पार्षदों को निमंत्रण देकर खानापूर्ति कर लिया गया। देखा जाए तो कांग्रेस कार्यकाल में भाजपा पार्षदों को पूछा गया था। लेकिन वर्तमान में राज्य में भाजपा की सरकार है। इसके बाद भी निगम के भाजपा पार्षदों को जिला प्रशासन द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन का कहना है कि, प्रशासन के इस लापरवाही के कारण कोई भी पार्षद कार्यक्रम में नही पहुंच पाए। इसी तरह जनपद पंचायतों के सदस्यों को भी नही पूछा गया। जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने बताया कि, वर्तमान में जनपद और जिला में कांग्रेस की सत्ता हैं, इसके बाद भी प्रशासन द्वारा राज्योत्सव में आमंत्रित नही किया गया, जिसे लेकर उन्होने भी खेद जताया हैं।

# युवक-युवतियों को दिया जा रहा नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है।

इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होगी मीनाक्षी



**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविका बीए तृतीय वर्ष की छात्र मीनाक्षी का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ है। शिविर का आयोजन 10 से 19 नवंबर तक बीआईटी पटना बिहार में होगा। शिविर में कई राज्यों के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयन होने पर बालोद जिले की जिला संगठक डॉ लीना साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य केएल रावटे, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर आरके सोरी, प्राध्यापक एल हिरवानी, योगेंद्र धुर्वे एवं समस्त स्टॉफ तथा स्वयंसेवकों ने मीनाक्षी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### जुआ खेलते 6 पकड़ाए

**अंडा।** थाना अंडा पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि ग्राम विनायकपुर में तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तालाब के पास पहुंचकर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान संजय पटेल पिता होलकर लाल पटेल उम्र 45 वर्ष, रामेश्वर निषाद पिता केजू राम निषाद उम्र 45 वर्ष, गजाधर फीवर पिता संतराम दीवार उम्र 40 वर्ष, नेम सिंह खरे पिता शोभाराम उम्र 34 वर्ष, श्रवण निषाद पिता सेवाराम उम्र 30 वर्ष, मंगलू देवांगन पिता जगन्नाथ उम्र 32 वर्ष जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। जुआरियों से ताश के साथ ही नकदी रकम भी जब्त किया गया।

### पावरहाउस अंडर ब्रिज चौक पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** पावरहाउस अंडरब्रिज चौक डेंजर प्वाइंट के रुप में चर्चित हो रहा है। यहां लाइट की कमी और मार्ग ऊपड़ खाबड़ होने से ट्रैफिक दुर्घटनाजन्य बना रहता है। व्यवसायियों ने बताया कि अंडरब्रिज साइड में फुटओवरब्रिज डिस्मेंटल करने के बाद फाउंडेशन स्थल को पांच साल बाद भी समतल नहीं कराया गया है। इस कारण वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टाउनशिप की ओर से अंडरब्रिज से आटो आदि आदि पावरहाउस आने के दौरान बीच में बंद हो जाने से जाम लग जाता है। यहां स्ट्रीट लाइट की रौशनी कम होने से भी अंधेरे से अवाजाही में परेशानी रही है। लोग पांच स्ट्रीट लाइट की मांग क रहे हैं। साथ ही फुट ओवरब्रिज के तोड़े गए फाउंडेशन स्थल को समतल किए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

### जीई रोड किनारे शराब दुकान से बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई ।** जीई रोड पर नेहरुनगर में सीएएफ लाइन के निकट शराब भट्ठी स्थित होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शराब दुकान के एक ओर रेलवे ट्रैक है तो दूसरी ओर फोरलेन है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शराब पीकर नशे में लोग रेलवे लाइन और जीई रोड पार करते हुए दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। अब तक कई नशेड़ियों की मौत हो चुकी है। इसके चलते लोग लंबे समय से शराब दुकान हटाने की मांग की रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक शराब भट्ठी को हटाने की जहमत नहीं उठाई गई है। इसकी कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है। नशे में धुत लोग रेलवे लाइन और सड़क पार करते हुए हादसे के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कोर्ट ने हाईवे या पब्लिक प्लेस के निकट शराह दुकान नहीं होने का आदेश दिया है फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### चाकू व कटरबाजी में पांच घायल

भिलाई। भिलाई शहर के पांच थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी की घटना हुई है। घटना में पांच लोग बुरी तरह जख्मी है। इसमें अपराधी घटना को अंजाम नशे की हालत में किया है। इस्तेमाल किए जाने वाला हथियार कटर और चाकू है। जिसमें किसी का हाथ कटा, किसी का पूरा चेहरा कटा तो किसी का पीठ काट दिया गया। पुलिस सभी मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## ग्रामीणों ने कहा- युवाओं ने परिवार के साथ-साथ गांव का भी बढ़ाया मान

# मनियारी के दो युवा बने पुलिस अधिकारी दीपावली पर ग्रामीणों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र में आने वाले ग्राम मनियारी से दो युवाओं का पुलिस में चयन हुआ है। इस पर दीपावली पर्व गांव में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने के साथ ही युवाओं का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। ग्राम मनियारी के जय महावीर कुआं पारा चौक पर बाजे गाजे के साथ युवाओं का स्वागत किया गया।

उसके बाद अतिथियों द्वारा तिलक व हार पहनाकर गुलदस्ता उपहार भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना की गई। अतिथियों ने कहा कि इन युवाओं ने अपने परिवार के साथ-साथ ग्राम मनियारी का भी नाम रोशन किया है। इसी के साथ ही गांव के अन्य युवाओं का अलग-अलग विभाग में पूर्व में भी चयन हुआ है, जिससे गांव में खुशी की



लहर छाया है। कार्यक्रम के दौरान चयनित हुए युवाओं ने अन्य युवाओं से कहा कि आप सभी अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए। अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रता के साथ मेहनत व अपने आप पर पूरा भरोसा होना चाहिए।

**गांव के कुछ अन्य युवा भी दे रहे हैं सेवा :** बता दें कि हाल ही में एसआई पुलिस भर्ती का रिजल्ट आने पर किशन निर्मलकर एवं जागेश्वर महिलांगे का चयन हुआ है। इस पर ग्रामवासियों ने इनके परिवार वालों से मिलकर बधाई दी। गौरतलब है कि जनपद पंचायत बेरला के ग्राम मनियारी से दो युवा का छत्तीसगढ़ एसआई सब इंस्पेक्टर में चयन हुआ। जिसमें किशन कुमार निर्मलकर उप थाना अधिकारी, जागेश्वर महिलांगे प्लाटून कमांडर अधिकारी बने हैं।

बता दें कि एक साल पूर्व रेलवे विभाग में राकेश कुमार चक्रधारी रेलवे इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पदस्थ हुआ। वहीं मेडिकल विभाग में पुनेश्वर देवांगन नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अबायोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट व डॉ. संतराम साहू रायपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। इस परिप्रेक्ष्य में समस्त ग्राम वासियों द्वारा इन युवाओं का सम्मान किया गया।

## पीएम श्री सेजेस देवकर के विद्यार्थियों का स्मार्ट विलेज़ पर आधारित मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा 11 वीं की छात्रा समीक्षा वर्मा एवं श्रद्धा अग्रवाल ने बेमेतरा जिला में आयोजित राज्योत्सव में शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्मार्ट विलेज़ पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया।

- बेमेतरा राज्योत्सव में प्रस्तुत मॉडल की लोगों ने की सराहना

इस मॉडल में इन छात्राओं ने गांव को एक स्मार्ट सिटी की तर्ज पर प्रस्तुत किया। जहां गांव के लोग सुविधाओं के अभाव में तथा रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन करते हैं। इस समस्या का समाधान इस स्मार्ट विलेज़ मॉडल द्वारा प्रस्तुत किया गया। मॉडल के माध्यम से बताया गया है कि प्रदूषण रहित ग्रीन एनर्जी से विद्युतीकरण, सर्व सुविधा युक्त विद्यालय, आयुर्वेदिक औषधालय की स्थापना, पशुपालन, जल संरक्षण कर मछलीपालन, वैज्ञानिक पद्धति से उन्नत कृषि तथा जैविक खाद निर्माण आदि के विकास से गांव को स्मार्ट विलेज़ के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर साजा विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार डहाले तथा अन्य शिक्षक एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन बच्चों को बधाई दी।

## थानखम्हरिया कॉलेज में विद्यार्थियों को दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ




हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

स्व ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ ग्रहण समारोह एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छात्रों और नगर के लोगों में देशप्रेम तथा भाई-चारे की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.वीना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ओपी मरकाम ने राष्ट्रीय एकता दिवस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि यह दिवस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक और लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस पर 31 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिन्होंने भारत के विभिन्न रियासतों को एक साथ जोड़कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया। इस दिन का उद्देश्य विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और क्षेत्रों के लोगों को यह याद दिलाना है कि भले ही हम विविधता से भरे देश में रहते हैं, हमारी असली ताकत हमारी एकता में है।

इस प्रकार, यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश के सामने कोई भी चुनौती हो, हम मिलकर उसका सामना कर सकते हैं और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि व्याख्याता प्रांजल मिश्रा एवं हरि साहू एवं विनोद ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

## प्रारंभिक मतदाता सूची में छूटे हुए नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

1 जनवरी 2024 की स्थिति में तैयार त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय की प्रारंभिक मतदाता सूची में विधानसभा की सूची में शामिल 18 वर्ष से अधिक आयु के छूटे हुये मतदाताओं के नाम दर्ज करने की कार्यवाही प्रारूप क-1 के माध्यम से की जा रही है।

प्रारूप क-1 में दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दोनों निकाय में 8 नवम्बर 2024 निर्धारित है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा की मतदाता सूची में शामिल सभी पात्र मतदाताओं को फोटो सहित फार्म क-1 भरकर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास 8 नवम्बर 2024 तक जमा करना होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को समीक्षा बैठक के दौरान नगरीय निकाय एवं पंचायत की प्रकाशित विधानसभा की प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवश्यक निर्देश दिये हैं।

## सोढ़ और माटरा में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बेमेतरा।** सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा के ग्राम सोढ़ और ग्राम माटरा में आयोजित लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लोकधारा का भव्य प्रदर्शन किया गया। ग्राम सोढ़ में नवयुवक लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा आयोजित राजेश अवस्थी के सांस्कृतिक कार्यक्रम में योगेश तिवारी ने कहा कि, लक्ष्मी उत्सव सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है। इसी तरह बेमेतरा विधानसभा के ग्राम माटरा में देवीकृपा लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा आयोजित तिलक राजा साहू कृत लोकधारा कार्यक्रम में भी योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने लोक कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि, आप लोग हमारी संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम में रूपेंद्र पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत सोढ़, अशोक पटेल जनपद सदस्य, किशुन साहू, रामस्वरूप वर्मा, किशोर साहू, रूपनदास पात्रे, लखन चक्रधारी, शशिकांत साहू, गोपी साहू, गुमान रावत, लोकेश धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### चोंगी खपरी में धूमधाम से मनाया गया मातर...



**देवकर ।** नगर देवकर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोंगी खपरी में मातर पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के स्थानीय मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटकर पारम्परिक एवं लोक सांस्कृतिक तरीके से उत्सव को मनाते नज़र आये। इस अवसर पर पुलिस चौकी देवकर की टीम मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही। चौकी प्रभारी एएसआई डीपी देशलहरे, आरक्षक अजय लहरे, प्रमोद पांडेय सहित अन्य पुलिस स्टॉफ मौके पर तैनात रहे, जिससे गाँव में शांतिप्रिय ढंग से पर्व मनाया गया।

### बढ़ने लगी ठंड, सुबह-शाम छाने लगा कोहरा

**बालोद ।** दीपावली पर्व के बाद ठंड बढ़ने लगी है। वनांचल व ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी इलाकों में भी ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम को ठंड अत्यधिक महसूस की जा रही है। लेकिन, दिन का तापमान अभी भी सामान्य से अधिक है, जिससे दिन में अभी भी तेज धूप का अहसास हो रहा है। यह शुरुआत है, आने वाले समय में कंपकपाती ठंड रहेगी। ठंड के मौसम को देखते हुए जिला मुख्यालय में गर्म कपड़ों की दुकानें सज गई हैं और ग्राहकों का दुकान में आना-जाना भी शुरू हो गया है।

### पिरदा में हुए विस्फोट में क्षतिपूर्ति के लिए 21 तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** जिला दंडाधिकारी बेमेतरा ने स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी, ग्राम पिरदा, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा में 25 मई 2024 को सुबह 7:56 बजे हुए विस्फोट में श्रमिकों के अतिरिक्त अन्य शारीरिक क्षति पीड़ितों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस विस्फोट में किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति का सामना करने वाले व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। यह प्रक्रिया सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 की धारा 05 के तहत की जा रही है। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस के तहत स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में कार्यरत श्रमिकों के अतिरिक्त अन्य प्रभावित व्यक्ति, जिनकी संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुँची हो या जिन्हें शारीरिक क्षति हुई हो वह 21 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, संयुक्त जिला कार्यालय, बेमेतरा में जमा कर सकते हैं।

### प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर में की गई बच्चों के खून की जांच ...



**बेमेतरा/कोदवा ।** साजा विकासखंड व शिक्षा संकुल परसबोड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर में विगत दिनों यू डाइस प्लस पोर्टल के लिए ब्लड ग्रुप टेस्ट किया गया। प्रधानपाठक कल्याण दास बंजारे ने बताया कि स्कूल की छात्र-छात्राओं के खून की जांच की गई। उसके बाद शत-प्रतिशत आंकड़े के साथ ब्लड ग्रुप पोर्टल को भरा गया।

### प्लेसमेंट कैंप 11 को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 11 नवंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित कैम्प में निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवश्यक योग्यता 10वीं, 12वीं है। इसके तहत रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव के लिए भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 11 नवम्बर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं।

## खतरों से गुजरकर दफ्तर पहुंच रहे लोग, जिम्मेदारों की अनदेखी

# खण्ड परियोजना कार्यालय के सामने अव्यवस्थता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने काफी अरसे से अव्यवस्था एवं अस्वच्छता का आलम देखने को मिल रहा है। इसे व्यवस्थित कर ठीक करने एवं मरम्मत कराने की चिंता न स्थानीय नगर पालिका प्रशासन को है और न ही परियोजना विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस गम्भीर समस्या का समाधान कराने में तत्पर नजर आ रहे हैं। लिहाजा इन दिनों स्थिति इतनी गम्भीर है कि कार्यालय दाखिल होने के पहले ही द्वार पर नाली निकासी के लिए बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया है, जो दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। वहीं, इन्हीं आफतों के बीच रोजाना निरन्तर सबका




आवागमन भी हो रही है, जो कतई उचित नहीं है। जबकि बेमेतरा सिंघौरी बस्ती में स्थित इस कार्यालय के समीप से नगर पालिका सहित अन्य कई विभागीय अफसर व जनप्रतिनिधियां गुजरते हैं।

बताया जा रहा है कि हर साल साफ सफाई व स्वच्छता के नाम पर नगरीय निकायों में बड़े पैमाने पर कार्य किये जाते हैं किन्तु जमीनी हक़ीक़त कुछ और बयां करती है। वहीं परियोजना विभाग में भी मूलभूत सामानों एवं मरम्मत के लिए राशि होती है, उसके बाद भी कार्यालय के सामने ऐसे अव्यवस्थित नज़ारे का दिखने से विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। बेमेतरा शहर में संचालित खण्ड परियोजना कार्यालय के सामने नाली-निकासी की बदतर स्थिति इसका स्पष्ट प्रमाण है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411